शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार

प्रेस विज्ञप्ति छुरिया,दिनांक 12.11.2021

आज दिनांक 12.11.2021 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय,छुरिया में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विषय **''अंतर्राष्ट्रीय राजनीति एवं संबंध''** पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के स्वागत उद्बोधन के द्वारा हुआ । उन्होंने कहा है कि भारत के संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति संबंधों का विशेष महत्व है। भारत आज सभी वैश्वीक समस्याओं के समाधान हेतु अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को सुदृढ़ करने में अपनी अहम् भूमिका निभा रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारत की विशेष भूमिका पर मंथन हेतु यह राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित किया गया है। महाविद्यालय में इस तरह के वेबीनार का आयोजन सभी श्रोताओ एवं विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी होगा जिससे वे अध्ययन के साथ ही नवीन ज्ञान से लाभान्वित होंगें। कार्यक्रम में विशेष सलाहकार के रूप में डॉ. नागरत्ना गणवीर (सहायक प्राध्यापक) शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय,राजनांदगांव उपस्थित थी। इस वेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एस.एम.वाघ (सहायक प्राध्यापक) एस.गोलप एवं पावर महाविद्यालय शिवले थाणे (महाराष्ट्र) तथा डॉ. संजय शर्मा (सहायक प्राध्यापक) आर्मी केडेट कॉलेज इंडियन मिलिस्ट्री अकादमी,देहरादुन (उत्तराखंड), डॉ. गुरप्रीत सिंग(सहायक प्राध्यापक) डी.एम.व्ही. कॉलेज बटेला (पंजाब) आदि वक्ताओं को आंमत्रित किया गया था।

मुख्यवक्ता डॉ.एस.एम.वाघ ने अपने उद्बोधन में अफगानिस्तान का भारत के साथ अंतरर्राष्ट्रीय संबंधो पर प्रकाश डाला। उन्होने दोनों देशों के प्रारंभ से लेकर वर्तमान तक किस प्रकार संबंध रहा है और आज तालिबान के कब्जे क बाद विभिन्न सम्भावनाओं की चर्चा की। डॉ. संजय शर्मा ने जलवायु परिवर्तन पर अपनी बात रखते हुए कहा है कि जलवायु परिवर्तन वर्तमान में एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भूकम्प, सुखा, वर्षा में किस तरह अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर प्रभाव पड़ रहा है। डॉ. गुरप्रीत सिंग नें विचार प्रकट करते हुए कहा है कि अमेरिका और भारत का लंबे समय से मैत्रीपूर्ण व्यवहारिक संबध रहे है लेकिन विशेषकर आज वाइडेन के कार्यकाल में विभिन्न संबंधों पर भारत और अमेरिका की बातचीत हुई साथ ही चीन की राजनीतिक संबंधों पर चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन एवं आभार श्री एस कुमार गौर के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ. एच.एस. भाटिया तथा अतिथि व्याख्याता श्री चैतराम यादव, राकेश कुमार, गौरव तिवारी, गन्नु साहु, गैंदलाल सोनकर, सुश्री इंदु मेश्राम, श्रीमति पुष्पलता जैन व महाविद्यालय के सभी संकायों के छात्र–छात्राए भी ऑनलाइन के माध्यम से उपस्थित थे।

प्रतिलिपिः– संवाददाता/प्रतिनिधि सबेरा संकेत, दैनिक भास्कर, हरिभूमि एवं चैनल इंडिया को छात्र हित में प्रकाशित करनें का कष्ट करेंगें।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य